कोटद्वार, रविवार
10 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 305 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड की शुरुआत जल्द से जल्द की जाये : मुख्यमंत्री




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन सभागार में हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किये जाने तथा उत्तराखंड के उत्पादों की अभिवृद्धि हेतु एक्टिव प्लान, इम्प्लीमेंटेशन तथा स्ट्रेटेजी के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री को समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किये जाने तथा उत्तराखंड के उत्पादों की अभिवृद्धि हेतु किये जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत देवभूमि उत्तराखण्ड के लोकल उत्पादों– झिंगोरा, लाल चावल, राजमा, गहत दाल, हल्दी पावडर, बुरांश, शहद, तोर दाल, काले सोयाबीन, बासमती चावल, दालचीनी, सेव जाम, मशरूम व लहसून का अचार सहित प्रथम चरण में 21 उत्पादों को तथा द्वितीय चरण में 22 उत्पादों को ग्लोबल बनाने के लिये कार्य किया जायेगा, जिसमें ग्राम्य विकास, वन, कृषि, उद्योग, सहकारिता सहित नीदरलैण्ड बेस्ड कम्पनी वूमन ऑन विंग्स का भी सहयोग प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में कौन–कौन से प्रोडक्ट होंगे, उत्पादों की खरीददारी, कहां–कहां पर इनके स्टोर होंगे, इसमें कौन–कौन से पदाधिकारी होंगे आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करते हुये इनकी स्वीकृति प्रदान की।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हाउस ऑफ़ हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत जो भी उत्पाद रखे जायें।

## मुख्यमंत्री आज कोटद्वार में



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः रविवार दोपहर करीब दो बजे मुख्यमंत्री हैलीकाप्टर से कोटद्वार पहुंचेंगे। हैलीपैड से नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में पहुंचकर वह रोड शो के माध्यम से माडल मांटेसरी स्थित कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे।

यहां मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सामान वितरित करेंगे। शहर में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर सरकारी सिस्टम ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## ईडी की बड़ी कार्रवाई : लालू यादव के एक और करीबी सुभाष यादव के ठिकानों पर छापेमारी

पटना , बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के एक और करीबी नेता पर ईडी ने बड़ी कार्रवाई कर रही है। आरजेडी नेता के सुभाष यादव के कई ठिकानों पर ईडी सर्च ऑपरेशन चला रही है। रेत माफियाओं से संबंधित मामले में ये बड़ी कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, करीब आधा दर्जन लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की गई है। बता दें कि सुभाष यादव के खिलाफ बिहार में 14 मुकदमे चल रहे हैं। उन पर लालू–राबड़ी व उनके परिजनों को फ्लैट–जमीन देने के आरोप लगते रहे हैं।बता दें कि आरजेडी नेता सुभाष यादव ये पूर्व विधायक ही नहीं, बल्कि पिछले बार लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड के चतरा से उम्मीदवार थे, लेकिन वो चुनाव हार गए थे। चतरा से राजद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे सुभाष प्रसाद यादव अकूत संपत्ति के मालिक हैं। यहां यह भी बता दें कि इनका लालू यादव से कोई पारिवारिक रिश्ता नहीं है, लेकिन ये उनके करीबी बताए जाते हैं।



सुभाष यादव पटना जिले के शाहपुर क्षेत्र के हेतनपुर गांव निवासी 52 वर्षीय सुभाष प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद प्रमुख लालू यादव के करीबी बताए जाते हैं। वह ब्रॉडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी चलाते हैं। बता दें कि ईडी की रडार पर कई ऐसे सफेदपोश हैं जिन्होंने अकूत संपत्ति अर्जित की है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आयकर विभाग ने राजद के एक नेता के ठिकानों पर जांच की थी। बता दें कि विनोद जायसवाल के ठिकानों पर आयकर टीम के द्वारा 6 घंटे से अधिक समय तक छापेमारी की गई। तलाशी में आयकर अधिकारियों ने बड़ी संख्या में दस्तावेज समेत कई कागजात जब्त किए हैं। जब्त कागजात में विभिन्न वित्तीय संस्थानों में निवेश के अलावा कई स्थानों पर जमीन जायदाद में भी निवेश से जुड़े कागजात शामिल हैं।

## पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की एनडीए में वापसी तय

**● आंध्र में साथ चुनाव लड़ेगी भाजपा, टीडीपी और जनसेना**



नई दिल्ली ,आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की एनडीए गठबंधन में वापसी लगभग तय हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर हुई महत्वपूर्ण बैठक में सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर सहमति बन गई है। अमित शाह के आवास पर चल रही बैठक अब खत्म हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जल्द ही औपचारिक तौर पर गठबंधन का ऐलान कर सकते हैं। भाजपा आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी और पवन कल्याण की जनसेना पार्टी के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी।

शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर अमित शाह, जेपी नड्डा, चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के बीच हुई बैठक में सीट बंटवारे पर सहमति हो जाने के बाद नायडू की एनडीए गठबंधन में वापसी का रास्ता भी साफ हो गया है। बताया जा रहा है कि ये तीनों दल एनडीए गठबंधन के तहत लोकसभा और विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे।

इससे पहले चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण ने 7 मार्च को भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ आंध्र प्रदेश में गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर चर्चा की थी। नायडू की एनडीए गठबंधन में वापसी को लेकर दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच कई दौर की बातचीत के बाद समझौते के फॉर्मूले पर सहमति बन पाई है। नायडू पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान एनडीए गठबंधन में रह चुके हैं और उनके फिर से एनडीए में आने के बाद भाजपा को आंध्र प्रदेश में तो राजनीतिक लाभ मिलना तय ही माना जा रहा है।

### अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरी, चालक घायल

हल्द्वानी। ओखलकांडा के देवली के पास शुक्रवार की रात एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को कार से निकालकर ओखलकांडा पीएचसी में भर्ती कराया।

जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर चालक को हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बची राम पुत्र रामलाल (35) ओखलकांडा ब्लॉक के खनस्यूं से देर रात अपने घर धारी ब्लॉक के धानाचूली वापसी कर रहे थे।

देवली के पास पहुंचते ही कार से नियंत्रण खो बैठे और वह सड़क से खाई में गिर गई। स्थानीय लोगों ने घायल बची राम को कार से निकाला और इलाज के लिए पीएचसी लेकर गए। जहां डॉ. पूजा ने प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया। बची राम की पत्नी गंगा देवी ने बताया शुक्रवार को खनस्यूं किसी से मिलने गए हुए थे। देर शाम को घर की तरफ हादसा हो गसा। घटना की सूचना रात में मिली। पीएचसी की डॉ. पूजा ने बताया बची राम की कमर में चोट आई है। उसे हायर सेंटर भेज दिया है।

## बोफोर्स मामले में जल्द सुनवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी

नई दिल्ली। राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स रिश्वत कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद्द करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की गई है। अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अर्जी खारिज कर दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है। अर्जी में कहा गया है, आवेदक द्वारा इस मामले को दायर करने के लगभग 16 साल बीत चुके हैं और इस घोटाले को हुए 35 साल बीत चुके हैं।

इस दौरान हिंदुजा बंधुओं को छोड़कर सभी आरोपितों की मौत हो चुकी है।



याचिका में कहा गया है, रक्षा क्षेत्र में घोटालों की पुनरावृत्ति हुई है, क्योंकि इस पहले घोटाले यानी बोफोर्स मामले के आरोपितों को सजा नहीं दी गई। न्याय के हित में यह उचित होगा कि मामले की जल्द सुनवाई की जाए।

भारतीय सेना के लिए 155 मिमी होवित्जर तोपों की 400 इकाइयों की आपूर्ति के लिए भारत सरकार और एबी बोफोर्स के बीच 1,437 करोड़ रुपये का सौदा 24 मार्च, 1986 को हुआ था। स्वीडिश रेडियो ने 16 अप्रैल, 1987 को दावा किया था कि कंपनी ने सौदा हासिल करने के लिए शीर्ष भारतीय राजनेताओं और रक्षा अधिकारियों को रिश्वत दी थी।

### मायावती ने गठबंधन और तीसरे मोर्चे को बताया अफवाह, कहा बसपा का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल

लखनऊ ,बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले लड़ने का अपना पुराना स्टैंड फिर दोहराया है। उन्होंने चुनावी गठबंधन या तीसरे मोर्चे की बातों को अफवाह करार दिया। मायावती ने कहा कि बहुजन समाज के हित में बीएसपी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बीएसपी देश में लोकसभा का आमचुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ रही है। ऐसे में चुनावी गठबंधन या तीसरा मोर्चा आदि बनाने की अफवाह फैलाना यह घोर फेक व गलत न्यूज़ है। मीडिया ऐसी शरारतपूर्ण खबरें देकर अपनी विश्वसनीयता न खोए। लोग भी सावधान रहें। उन्होंने आगे कहा कि यूपी में बीएसपी की काफी मज़बूती के साथ अकेले चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बैचेन लगते हैं। इसीलिए ये आए दिन किस्म–किस्म की अफवाहें फैलाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते रहते हैं।

### एक नजर

### भिलंगना नदी में कूदे शिक्षक का शव मिला

नई टिहरी। बीते शुक्रवार सुबह से लापता शिक्षक बाल गोविंद थपलियाल (41) का शव शनिवार को पुलिस व एसडीआरएफ ने स्थानीय लोगो की मदद से भिलंगना नदी से बरामद कर लिया है। जिसका पंचनामा भरकर पीएचसी पिलखी में पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। अजय भट्ट विद्या मंदिर इंटर कालेज श्रीकोट में गणित विषय के पद पर तैनात 41 वर्षीय शिक्षक बाल गोविंद थपलियाल शुक्रवार सुबह घर से अचानक कही चले गए थे। उनकी स्कूटर बालगंगा डिग्री कालेज के पास खड़ी मिली। आशंका के चलते भिलंगना नदी में खोजबीन की तो उनकी स्कूटर की चाभी, चप्पलें व डायरी के साथ सुसाईड नोट नदी के किनारे पड़ा मिला। जिसके बाद उनके नदी में कूदकर आत्महत्या की संभावना प्रबल हो गई।

### फीस में छूट की उम्मीद, रोज लग रही पेनाल्टी

देहरादून। परिवहन विभाग की लापरवाही ने परिवहन कारोबारियों की परेशानी बढ़ा दी है। फिटनेस फीस में छूट की उम्मीद में कुछ कारोबारी अपने वाहनों की फिटनेस नहीं करवा रहे हैं, जिन पर रोज 50 रुपये की पेनाल्टी लग रही है। कुछ वाहनों स्वामियों ने अपने वाहन खड़े कर दिए हैं। उनको भी नुकसान झेलना पड़ रहा है। सरकार ने 22 फरवरी को 15 साल पुराने वाहनों की फिटनेस फीस बढ़ोत्तरी में एक साल के लिए छूट का आदेश कर दिया था। बावजूद ऑनलाइन साफ्टवेयर में फीस की दरें 15 से 20 गुना तक बढ़ा दी गई। जिस कारण प्रदेश भर में परिवहन कारोबारी परेशान हैं। कुछ कारोबारी मजबूरी में ज्यादा फीस देकर फिटनेस करवा रहे हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं, जो फीस कम होने का इंतजार कर रहे हैं। दून के गणेश प्रसाद ने बताया कि वह हर बार अपने वाहन की फिटनेस एक महीने एडवांस में करवाते हैं, पहले फीस 600 रुपये पड़ती थी।

## सरकार महिला, किशोरियों व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध : मुख्यमंत्री

**● मुख्यमंत्री ने राज्य में महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा एवं समस्त आयामों के सुदृढीकरण हेतु मोबाइल वैनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राज्य में महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा एवं समस्त आयामों के सुदृढीकरण हेतु प्रचार प्रसार एवं रेस्क्यू मोबाइल वैनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारी सरकार महिला, किशोरियों व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये सदैव कटिबद्ध है तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की यह पहल सराहनीय है।

उल्लेखनीय है कि ये मोबाइल वैन राज्य के जनपदों में गांव गांव जाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों से सम्बन्धित संचालित समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार सुनिश्चित कर, उन योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास करने के साथ ही किसी भी पीड़ित महिला व किशोरी को सुरक्षा प्रदान करते हुये चिकित्सा, कानूनी एवं आश्रय सुविधा प्रदान करेंगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव प्रशांत कुमार आर्य, उप निदेशक विक्रम सिंह, मुख्य परिवीक्षा अधिकारी मोहित चौधरी, राज्य परियोजना निदेशक सुश्री आरती बलोदी, नोडल अधिकारी मुख्यालय उदय प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी हरिद्वार सुलेखा सहगल, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्यालय तरूणा चमोला सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।



### केजरीवाल ने बीजेपी पर मोहल्ला क्लिनिक निर्माण में बाधा डालने का लगाया आरोप

नई दिल्ली , आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर मोहल्ला क्लीनिक के निर्माण में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। मोहल्ला क्लीनिक आप सरकार का स्वास्थ्य के मोर्चे पर उठाया गया महत्वाकांक्षी कदम है। इसके साथ ही केजरीवाल ने जांच एजेंसियों द्वारा विपक्षी नेताओं के खिलाफ हो रही जांच की भी आेलचना की और बीजेपी को जमकर लताड़ा। केजरीवाल ने कहा, अगर राम जी इस युग में होते, तो बीजेपी उनके पास ईडी और सीबीआई भेजती और उन पर बूंदक रखते हुए कहती कि आपको बीजेपी में शामिल होना होगा, नहीं तो आपको जेल जाना पड़ेगा। बजट पर चर्चा के दौरान केजरीवाल ने अपने मित्र व पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को भी याद किया। उन्होंने सिसोदिया को अपना छोटा भाई बताया। केजरीवाल ने कहा, आज जब हम बजट पर चर्चा कर रहे हैं, तो मुझे अपने छोटे भाई मनीष सिसोदिया की बहुत याद आ रही है।

## आचार संहिता लागू होने पर एक्शन में होगी पुलिस

देहरादून।उत्तराखंड, यूपी और हिमाचल पुलिस पूरे चुनाव के दौरान बॉर्डर चेक पोस्ट पर सीसीटीवी और ड्रोन से नजर रखेंगे। साथ ही शराब, मादक पदार्थ, हथियार और कैश तस्करी रोकने को तीनों राज्यों की पुलिस एक साथ मिलकर काम करेगी। इसके लिए तीनों राज्यों के पुलिस अफसरों का व्हाट्सऐप ग्रुप भी बनाया गया है। चुनाव आचार संहिता लागू होती ही बॉर्डर चेक पोस्ट पर सख्ती बढ़ा दी जाएगी। अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था एपी अंशुमन ने शनिवार को लोकसभा चुनावों को लेकर पड़ोसी राज्यों की पुलिस अफसरों के साथ बैठक की। इसमें अन्तर्राज्यीय सीमाओं में चौकसी बढ़ाने, पड़ोसी जिलों की पुलिस से समन्वय को बेहतर करने पर फोकस किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक पी. रेणुका देवी ने बॉर्डर चैक पोस्ट पर फोर्स की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ ही संवेदनशील रास्तों को लेकर तैयार किए गए रोडमैप की जानकारी दी। साथ ही सीमावर्ती जनपद प्रभारियों में समन्वय के लिए चैकपोस्ट स्तर पर व्हट्सऐप ग्रुप से जुड़े रहने को कहा।



**आपस में साझा करेंगे अपराधियों की सूची**

चुनाव प्रक्रिया निर्बाध रूप से हो इसके लिए सीमावर्ती जिले आपस में अवांछित तत्वों पर कार्रवाई और उनकी सूची एक–दूसरे से साझा करेंगे। शराब, मादक पदार्थ, शस्त्र और कैश तस्करी रोकने को भी संयुक्त रणनीति बनाई गई। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन से इन इलाकों में नजर रखी जाएगी। साथ ही गश्त के लिए वन विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा।

## पीएम मोदी ने दुनिया की सबसे लंबी दो लेन वाली सेला सुरंग का किया उद्घाटन

ईटानगर ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में 825 करोड़ रुपये की लागत से बनी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। यह 13 हजार फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी दो लेन वाली सुरंग है। यह सुरंग भारत की सुरक्षा को मजबूत करेगी और जरूरत पड़ने पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सशस्त्र बलों की पहुंच को आसान बनाएगी। सुरंग को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद, पीएम ने लोगों से इसे देखने और क्षेत्र में व्यापार व पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद का आग्रह किया।

पीएम ने कहा, सेला सुरंग पहले ही बन जानी चाहिए थी, लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया। इस मौके पर पीएम ने तवांग से दो बसों को हरी झंडी भी दिखाई।



प्रधानमंत्री ने सीमा क्षेत्र को अंतिम मील तक कनेक्टिविटी प्रदान करने और अत्यंत कठिन परिस्थितियों में ऐसे दुर्गम इलाके में इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के प्रयासों की सराहना की।

सेला सुरंग के अलावा, पीएम ने ईटानगर से 123 प्रमुख विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश में 55 हजार 600 करोड़ रुपये की 95 परियोजनाओं की नींव रखी। एक अधिकारी ने कहा कि सुरंग के खुलने से असम के तेजपुर को तवांग से जोड़ने वाली सड़क पर हर मौसम में आवागमन संभव हो सकेगा। सेला–चारबेला रिज से होकर गुजरने वाली और न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मेथड (एनएटीएम) से निर्मित यह सुरंग 13 हजार फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी दे लेन की सुरंग है। गौरतलब है कि एनएटीएम का उपयोग विशेष रूप से हिमालय क्षेत्र में सुरंगों के निर्माण में किया जाता है। यह सुरंग बालीपारा–चारद्वार–तवांग रोड पर तवांग क्षेत्र को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण धुरी है। यह तेजपुर तक भीतरी इलाकों को कनेक्टिविटी प्रदान करती है। सड़क पर नेचिपु, बोमडिला टाउन और सेला दर्रा जैसी कई बाधाएं थीं, जिन्हें बीआरओ ने सेला और नेचिपु सुरंगों और बोमडिला बाईपास का निर्माण कर हल किया। सेला सुरंग की आधारशिला 9 फरवरी, 2019 को पीएम ने ही रखी थी और इसका निर्माण दो महीने के भीतर शुरू हो गया था। दुर्गम इलाके और प्रतिकूल मौसम की चुनौतियों को पार करते हुए सुरंग का निर्माण केवल पांच वर्षों में पूरा कर लिया गया। इस सुरंग में क्रमशः 1,003 मीटर और 1,595 मीटर लंबी दो सुरंगें हैं। इनमें 8.6 किमी की पहुंच और लिंक सड़कें हैं, जिनका निर्माण 825 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि दूसरी सुरंग में अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार मुख्य सुरंग से सटी एक एस्केप ट्यूब भी है। मुख्य ट्यूब के समानांतर बनी एस्केप ट्यूब हर 500 मीटर के बाद क्रॉस पैसेज से जुड़ी है और आपातकालीन स्थिति में इस एस्केप ट्यूब का उपयोग बचाव वाहनों की आवाजाही और फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए किया जा सकता है। सुरंग को 80 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति के साथ प्रति दिन तीन हजार कारों और दो हजार ट्रकों के आने–जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सुरंग न केवल सैनिकों और आपूर्ति की सुचारू आवाजाही की सुविधा प्रदान करेगी और क्षेत्र में रक्षा क्षमताओं को मजबूत करेगी, बल्कि यह तवांग क्षेत्र के लिए आर्थिक समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत भी करेगी। इससे व्यापार, पर्यटन, रोजगार, शिक्षा और समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों ने कहा कि पहले सेला दर्रे के मार्ग में केवल सिंगल लेन कनेक्टिविटी और खतरनाक मोड़ थे। इसके कारण भारी वाहन, कंटेनर ट्रक और ट्रेलर तवांग नहीं जा पाते थे। अधिकारियों के अनुसार, प्रतिकूल मौसम, विशेष रूप से सर्दियों में, मौजूदा सेला दर्रे से मरीजों को आने–जाने में कठिनाई होती थी। इस सुरंग के खुलने से यह अब अतीत की बात हो जाएगी। सुरंग के खुलने से आठ किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी और यात्रा का समय भी एक घंटे कम हो जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा करने में पांच वर्षों तक प्रतिदिन औसतन लगभग 650 कर्मियों और मजदूरों ने काम किया। इसके निर्माण में 71 हजार मीट्रिक टन सीमेंट, 5 हजार मीट्रिक टन स्टील और 800 मीट्रिक टन विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। सुरंग के निर्माण के दौरान बीआरओ को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

## साख पर सीधा प्रहार

आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है। किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजित गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं। जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था। इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, तो उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा। जस्टिस गंगोपाध्याय ने अभी नहीं बताया है कि वे किस दल की सदस्यता लेंगे या क्या वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे। लेकिन उनकी ताजा घोषणा से तृणमूल कांग्रेस को यह कहने का आधार जरूर मिला है कि राज्य सरकार विरोधी उनकी कई पुरानी टिप्पणियां राजनीति में प्रवेश करने का आधार बनाने के मकसद से की गई थीं। यह बात अपनी जगह सही है कि समय से पहले पद छोडक़र जजों के राजनीति में प्रवेश करने का यह पहला मौका नहीं है।अतीत में कम–से–कम ऐसी दो मिसालें हैं। लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है। तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था। उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे। जबकि आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक बड़ा हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

## एक नई लक्ष्मण—रेखा

मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह बात भी सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने विधायिका और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्रों के बारे में संविधान में सीमा का पुनर्लेखन कर दिया है। उसने संविधान के अनुच्छेद 105(2) की नई व्याख्या कर दी है, जिसके तहत संसद के अंदर का कथित भ्रष्ट आचरण अब न्यायिक जांच–परख के दायरे में आ जाएगा। अपने ताजा फैसले के जरिए उसने ह्यपीवी नरसिम्हा राव बनाम स्टेटह्ल (यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड) में 1998 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। वह मामला जन–प्रतिनिधियों के कथित रिश्वत लेकर सदन के अंदर भाषण देने और मत डालने से संबंधित था। 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि सांसद और विधायकों पर इस तरह के मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि उन्हें संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण हासिल है। अब कोर्ट ने कहा है कि इस तरह के आचरण से संसदीय पवित्रता भंग होती है, इसलिए इसे संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण नहीं मिल सकता। मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह तथ्य भी अपनी जगह सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। अगर शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। संविधान में जिस तरह संसदीय विशेषाधिकार का प्रावधान किया गया है, उसी तरह का संरक्षण न्यायपालिका को भी दिया गया है। अनुच्छेद 121 के तहत सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के जजों के आचरण पर संसद में बहस नहीं हो सकती। अब यह सवाल उठेगा कि आखिर न्यायपालिका को यह संरक्षण क्यों मिले रहना चाहिए? कुछ वर्ष पूर्व एक प्रधान न्यायाधीश पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर यौन उत्पीडऩ का आरोप लगा था। उस कांड की सामान्य आपराधिक न्याय प्रक्रिया के तहत जांच नहीं हुई, क्योंकि संबंधित जज को न्यायिक संरक्षण प्राप्त था।

# चुनाव क्या सिर्फ औपचारिकता?

**आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं। यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं। अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे।**

**अजीत द्विवेदी**

तो क्या यह मान लिया जाए कि लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे तय हैं और चुनाव एक औपचारिकता भर है? क्या देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को तीसरी बार शासन का मौका देने का फैसला कर लिया है? कम से कम प्रधानमंत्री की बातों से तो ऐसा ही लग रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। करीब आठ घंटे चली इस बैठक में नई सरकार के सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा होने की खबर है।

मीडिया में आई खबरों के मुताबिक मंत्रिपरिषद ने दीर्घकालिक लक्ष्य यानी 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य पर विचार विमर्श किया और साथ ही नई सरकार के एक सौ दिन के लक्ष्य पर भी चर्चा की। कई मंत्रालयों के सौ दिन के एजेंडे पर प्रेजेंटेशन देने की खबर भी है। सवाल है कि क्या सचमुच नरेंद्र मोदी और उनके मंत्री मान रहे हैं कि तीसरी बार भी उनकी सरकार बनने जा रही है या मंत्रिपरिषद की बैठक से निकली खबरें चुनाव के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी रणनीतिक दांव का हिस्सा हैं?

आमतौर पर चुनाव नतीजों के बारे में इस तरह का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सकता है कि कौन जीत रहा है और किसकी हार हो रही है। इस मायने में चुनाव भी क्रिकेट की तरह गौरवशाली अनिश्चितताओं का खेल है। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से और अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि जिस समय वे चुनाव जीतने के सबसे ज्यादा भरोसे में होते हैं उस बार चुनाव हार जाते हैं और जब लगता है कि कांटे का मुकाबला है तो चुनाव जीत जाते हैं।

यह व्यक्तियों और पार्टियों दोनों के मामले में सही है। पिछले ही साल के विधानसभा चुनावों मे कांग्रेस छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त थी तो बीआरएस को लग रहा था कि वह तेलंगाना हार ही नहीं सकती है। इन राज्यों के नतीजे सबको पता हैं।

अगर लोकसभा चुनावों की बात करें तो 2004 के नतीजों का सबको पता है। जैसे अभी भाजपा के नेता अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे हैं उसी तरह 2004 में भी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्री अगली सरकार का एजेंडा तय कर रहे थे। ह्यदेयर इज नो ऑल्टरनेटिवह्ल यानी ह्यटीनाह्ल फैक्टर के आधार पर कहा जा रहा था कि अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले कोई नहीं है।

अंग्रेजी के बड़े पत्रकार लच्छेदार जुमलों में बता रहे थे कि ह्यसोनिया इज द ऑल्टरनेटिव सो देयर इज नो ऑल्टरनिवह्ल यानी ह्यसीटा बनाम टीनाह्ल फैक्टर की चर्चा थी। दिसंबर 2003 में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा जीती थी और उससे बनी लहर का इस्तेमाल करने के लिए वाजपेयी सरकार ने समय से पहले मई 2004 में लोकसभा चुनाव कराने का फैसला किया। ह्यशाइनिंग इंडियाह्ल और ह्यफीलगुडह्ल के मुद्दे पर चुनाव लड़ा गया और उसका भी नतीजा सबको पता है।

ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस राजनीतिक इतिहास या चुनावी अनिश्चितताओं का अंदाजा नहीं है। लेकिन कई बार असीमित सत्ता और लोकप्रियता भ्रम पैदा करती है। आंखों के सामने परदा डाल देती है। तकनीक, आंकड़ों और मोदी के निजी करिश्मे से भाजपा की टीम ऐसा नैरेटिव बना रही है कि हैरानी नहीं होगी अगर सचमुच भाजपा नेता इस भरोसे में बैठे हों कि चुनाव जीत रहे हैं। अगर ऐसा भरोसा है तो यह अति आत्मविश्वास नहीं, बल्कि उससे आगे की चीज है। इसे अहंकार कह सकते हैं। यह जनता और मतदाताओं को फॉर गारंटेड लेने या अपना पिछलग्गू मानने की सोच है। चुनाव प्रचार में किसी पार्टी द्वारा जीत का दावा करने और मंत्रिपरिषद की बैठक करके अपनी जीत की गारंटी बताने के बीच के फर्क को समझने की जरुरत है। पार्टियां चुनाव प्रचार में बड़ी से बड़ी जीत का दावा करती हैं, भरोसा जताती हैं, आत्मविश्वास दिखाती हैं लेकिन जब सरकार मंत्रिपरिषद की बैठक करके अगली सरकार का एजेंडा तय किया जाए तो उसे आत्मविश्वास नहीं कहेंगे। यह अति आत्मविश्वास से भी आगे की चीज है।

तो क्या यह माना जाए कि प्रधानमंत्री मोदी में अहंकार आ गया है और वे मतदाताओं को फॉर गारटेंड मान रहे हैं? अगर ऐसा है तो फिर वोट मांगने जाने की भी क्या जरुरत है या मतदाता मालिकों के आगे सिर झुकाने, उन्हें अपना परिवार बताने और उनसे तीसरा मौका देने का अनुरोध करने की क्या जरुरत है? जाहिर है असलियत वह नहीं है, जो दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री मोदी जो दिन–रात एक किए हुए हैं वह अलग कहानी बयां कर रही है। उससे ऐसा लग रहा है कि तीसरी बार की जो मुश्किलें होती हैं उनका सामना पार्टी कर रही है।

पार्टी के रणनीतिकारों को चुनौतियों का अंदाजा है। भाजपा के हर उम्मीदवार के सामने विपक्ष का एक साझा उम्मीदवार नहीं आए इसके लिए कांग्रेस सहित विपक्ष की हर पार्टी तोड़ी जा रही है। दूसरी पार्टियों के नेताओं को खुले दिल से भाजपा में आमंत्रित किया जा रहा है और उनकी हैसियत से हिसाब से राज्यसभा दी जा रही है या लोकसभा की टिकट दी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा जिस राज्य में पहुंचने वाली होती है वहां पहले से तोड़–फोड़ करके यात्रा को फेल करने के जतन किए जा रहे हैं। इन सबसे तो ऐसा नहीं लग रहा है कि भारतीय जनता पार्टी आसानी से चुनाव जीतने के आत्मविश्वास में है।

कायदे से ऐसा ही होना चाहिए। हर चुनाव इस तरह से लड़ा जाना चाहिए, जैसे पहली बार लड़ रहे हों और जीवन का आखिरी चुनाव हो। मोदी और अमित शाह हमेशा इसी तरह से चुनाव लड़ते हैं। तभी ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जीत का विश्वास भर रहे हैं और मतदाताओं का एक बड़ा समूह, जो आखिरी समय तक अनिश्चय की स्थिति में रहता है उसको समझा रहे हैं कि उसे अपना अनिश्चय समाप्त करना चाहिए और अनिर्णय की स्थिति से निकल कर भाजपा को वोट देना चाहिए क्योंकि भाजपा जीत ही रही है।

मंत्रिपरिषद की बैठक में सौ दिन के एजेंडे पर चर्चा करके प्रधानमंत्री ने यही मैसेज बनवाया। उससे पहले संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए भी प्रधानमंत्री ने भाजपा को 370 और एनडीए को चार सौ सीट का जो दावा किया और अपनी बात के प्रमाण के तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के भाषण का आधा अधूरा संदर्भ दिया उसके पीछे भी मकसद यही था।

इतना ही नहीं भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री ने जो यह दावा किया कि दुनिया भर के देशों से जुलाई–अगस्त का न्योता मिल रहा है क्योंकि दुनिया के देश भी मान रहे हैं कि आएगा तो मोदी ही, उसका भी मकसद यह धारणा बनवाना था कि भाजपा जीत रही है। इस तरह के दावों से भाजपा हवा बना रही है। असल में भाजपा इस चुनाव को पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण मान रही है इसलिए राममंदिर और अनुच्छेद 370 के बावजूद दस तरह के उपाय किए जा रहे हैं।


## दस साल बाद भी विमान लापता है!

**श्रुति व्यास**

क्या आपको एमएच 370 याद है? वह फ्लाइट जो आकाश से अचानक गायब हो गई थी और जिसका फिर कुछ पता ही नहीं चला? इस विशाल हवाईजहाज़ का एक छोटा–सा टुकड़ा तक नहीं मिला। कोई खिडक़ी, पंख का टूटा हुआ हिस्सा, कोई कटा–फटा सूटकेस जिसमें मरने वाले के कपड़े अभी भी हों, कोई उखड़ी हुई सीट जिसमें एक क्षत–विक्षत कंकाल सीट बेल्ट से बंधा हो, उसकी निर्जीव उंगलियां हैंडल को पकड़े हुई हों और उसके मुंह पर आखिरी साँस लेने के ठीक पहले की ऐंठन हो। कुछ भी नहीं मिला। एकदम नहीं। "आल राईट, गुड नाईट" ये वे आखिरी शब्द थे जो एमएच 370 से प्रसारित किये गए और 8 मार्च 2014 को एयर ट्रेफिक कण्ट्रोल द्वारा सुने गए। उस समय विमान थाईलैंड के फुकेट नामक द्वीप के नज़दीक था। और फिर न जाने क्या हुआ कि ये अत्याधुनिक बोईंग 737 अदृश्य हो गया। यह जहाज़ सेटेलाइट ट्रेकिंग और सतत संवाद के आधुनिकतम उपकरणों से लैस था। मगर फिर भी हमें नहीं पता कि वो कहाँ गया।9/11 से पहले से ही डरे हुए विमान यात्रियों के लिए यह घटना एक नया खौफ लेकर आई। इस विमान के लापता होने के बाद के शुरूआती सालों में हर कोई उसके रहस्य पर से पर्दा उठाने में जुटा रहा। विमान के गायब होने के बाद कुछ दिनों तक उसके बारे में इतनी कम जानकारी उपलब्ध थी कि मध्य एशिया के कजाकिस्तान से लेकर अंटार्टिका तक के विशाल भूभाग में उसे खोजा जा रहा था। यह मामला लंबे समय तक सुर्खियों में बना रहा। अंततः विमान का क्या हुआ, वह कहाँ गिरा, दुर्घटना की वजह क्या थी, क्या कोई जिंदा बचा झ इस सबके बारे में कयास लगाए जाते रहे।हर नई खबर और हर नई जानकारी विमान या उसके मलबे की खोज के लिए चल रहे अभियान में जनता की रूचि दुबारा जगा देती थी। घटना के बाद के हफ्तों, महीनों और सालों में उपग्रहों और रडार डाटा और यहां तक कि समुद्र की लहरों के प्रवाह की दिशा के विश्लेषण से खोज का इलाका सिमटकर छोटा होता गया। खोज अभियान में करोड़ों डालर खर्च हो गए। मामले का राजनीतिकरण भी हुआ और मलेशिया को खलनायक बताया गया। जितने मुंह उतनी बातें। तरह–तरह के कारण सुझाए गए। साजिशों की बात भी आई। जहाज़ के कप्तान को 239 यात्रियों का हत्यारा भी बताया गया। उनके परिवार को भद्दे तानों और गालियों का निशाना बनाया गया।

आज दस साल बाद भी उनका परिवार अलग–थलग रह रहा है। इसके अलावा यह आशंका भी व्यक्त की गई कि जहाज़ के गायब होने में किसी नापाक देश की किसी नापाक संस्था का हाथ है, जिसने या तो विमान को मार गिराया या उसे गायब करवा दिया। या विमान को किसी खुफिया जगह पर उतारा गया क्योंकि उसमें संवेदनशील प्रकृति का कोई सामान था या राजनैतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कोई व्यक्ति सवार था।कई महीनों तक इसके लापता यात्रियों के बारे में जांच–पड़ताल चलती रही। ऐसे आरोप लगाए गए कि उनमें से किसी एक ने या उनमें से कुछ ने मिलकर विमान पर कब्जा कर उसके सभी यात्रियों को सामूहिक हत्या–आत्महत्या की साजिश का शिकार बना दिया। इसके अलावा कम नाटकीय वजहों पर भी विचार किया गया जिनमें किसी व्यक्ति का कोई हाथ न रहा हो, जैसे विद्युत प्रणाली का नाकाम हो जाना, आग लग जाना या काकपिट में अचानक वायु के दबाव में कमी आ जाना। ढ़ाई साल के विश्लेषण, कयासों, चर्चाओं और अनुमानों के बाद एमएच 370 ने टाइटन के डूबने की तरह एक ऐतिहासिक घटना का दर्जा हासिल कर लिया। कोरा पर एक अत्यंत जिज्ञासु व्यक्ति ने प्रश्न पोस्ट किया: "क्या आप मानते हैं कि एमएच 370 के यात्री टीवी शो ह्यलॉस्टह्ल के पात्रों की तरह जीवित हैं?" एक आशावादी ने इसका जवाब दिया (जिसे 28 लाख लोगों ने पढ़ा) झ ह्यह्यमैं व्यावहारिक तो हूँ लेकिन मैं यह विश्वास करना चाहता हूं कि इस विमान के यात्री ह्यलॉस्टह्ल की तरह जी रहे हैं"। ह्यलॉस्टह्ल सन 2004 से 2010 तक प्रसारित एक अमेरिकी टीवी सीरियल था जिसमें यह दिखाया गया था कि एक विमान, जो दुनिया के नजरों में क्रेश हो चुका है, के यात्री एक निर्जन द्वीप में रह रहे हैं।

# मडगांव एक्सप्रेस का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन हुआ रिलीज



कुणाल खेमू के डायरेक्शन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का फर्स्ट सॉन्ग सामने आ गया है. मडगांव एक्सप्रेस का पहला गाना बेबी ब्रिंग इट ऑन एक पार्टी सॉन्ग है, जो आपको भी थिरकने पर मजबूर कर देगा. इस गाने में नोरा फतेही ने एक बार फिर से अपने किलर मूव्स दिखाए हैं, जो दर्शकों को काफी पसंद भी आ रहे हैं.मडगांव एक्सप्रेस को कुणाल खेमू ने सिर्फ डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है. इस फिल्म के निर्माता रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर हैं. फिल्म का ट्रेलर पहले ही लॉन्च हो चुका है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है. फिल्म नोरा फतेही के साथ दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, छाया कदम और उपेंद्र लिमाय हैं.बेबी ब्रिंग इट ऑन में नोरा फतेही के साथ दिव्येंदु शर्मा, अविनाश तिवारी, छाया कदम और उपेंद्र लिमाय भी नजर आ रहे हैं. इस गाने में नोरा सफेद रंग की शॉर्ट स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहने अपने लटके–झटके दिखाती हुई नजर आ रही हैं. इस पार्टी सॉन्ग को अजय–अतुल ने कंपोज किया है. अजय गोवाले और निकिता गांधी ने अपनी मधुर आवाज से इसे सजाया और इस गाने के बोल कुमार ने हिंदी के लिए लिखे हैं. इस गाने के ओरिजनल बोल मराठी में अजय–अतुल ने ही लिखे हैं. इस गाने को रेमो डिसूज ने कोरियोग्राफ किया है. कुणाल खेमू मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं. फिल्म में प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु तीन दोस्तों की भूमिका निभा रहे हैं, जो किसी दिन गोवा में छुट्टियां मनाने का सपना देखते हैं. लेकिन जब वे वास्तव में गोवा पहुंचते हैं, तो उनका यह ख्वाब एक बुरे सपने में बदल जाता है. ट्रेलर में फिल्म के गुदगुदाने वाले सीन्स की एक सीरीज दिखाई गई है, जिसमें भारतीय ट्रेन के स्लीपर कोच की सवारी के खतरों से लेकर होटल के कमरे में कोकीन का भंडार ढूंढने तक शामिल हैं. पुलिस, डॉन और यहां तक कि कामवाली बाई भी ड्रग्स की तलाश में हैं. फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार और गुदगुदाने वाला है.

## फिल्म शैतान का मुख्य गाना जारी, अजय देवगन पर भारी पड़े आर माधवन

आर माधवन और अजय देवगन अभिनीत फिल्म शैतान आखिरकार लंबे इंतजार के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह अजय और माधवन के बीच पहला सहयोग है।इस फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य भूमिका में हैं, जो अजय की पत्नी बनी हैं।अब निर्माताओं ने शैतान का मुख्य गाना जारी कर दिया है, जिसे सिद्धार्थ बसरूर ने अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। शैतान के निर्देशन की कमान विकास बहल ने संभाली है। इस फिल्म को जियो स्टूडियो, पैनोरमा स्टूडियो और देवगन फिल्म्स ने मिलकर बनाया है।फिल्म की कहानी आमिल कीयान खान ने लिखी है। शैतान 2023 में रिलीज हुई गुजराती फिल्म वश का रीमेक है। रिपोर्ट्स के अनुसार, शैतान पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10 से 12 करोड़ रुपये का कारोबार कर सकती है। वीकेंड में फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। अजय देवगन की फिल्म दृश्यम का विजय सलगांवकर तो आपको याद ही होगा, वही किरदार जो अपनी बेटी को बचाने के लिए हर हद पार कर जाता है।अब एक बार फिर अजय फिल्म शैतान के जरिए ऐसी ही कहानी लाए हैं, जिसमें वह पिता बन शैतान से अपनी बेटी को बचाने की कोशिश करेंगे। यह कहानी कबीर (अजय) और उसके हंसते–खेलते परिवार की है, जो अपनी पत्नी ज्योति (ज्योतिका), बेटी जाह्नवी (जानकी बोदीवाला) और बेटे ध्रुव (अंगद राज) के साथ अपने फार्म हाउस पर छुट्टियां मनाने जाता है।

## फिल्म आर्टिकल 370 की पकड़ दूसरे सप्ताह में भी मजबूत

आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही है।इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री यामी गौतम मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने एक इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाया है।सिनेमाघरों में इस फिल्म को रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।आइए जानते हैं आर्टिकल 370 ने अपनी रिलीज के 14वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 14वें दिन आर्टिकल 370 ने 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 57.55 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म अब तक 80 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिडक़ी पर आर्टिकल 370 का सामना किरण राव की फिल्म लापता लेडीज से हो रहा है। इसके अलावा अजय





देवगन की फिल्म शैतान भी 8 मार्च को सिनेमाघरों का रुख कर चुकी है। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही हैं।इनमें किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज भी शामिल है, जिसने 1 मार्च को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था।हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाल नहीं दिखा सकी है। हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई की रफ्तारी धीमी होती जा रही है।अब लापता लेडीज की कमाई के सातवें दिन के आंकड़े सामने आए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने अपनी रिलीज के सातवें दिन 55 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 6.03 करोड़ रुपये हो गया है।दुनियाभर में यह फिल्म अब तक 7.49 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।टिकट खिडक़ी पर लापता लेडीज का सामना यामी गौतम की आर्टिकल 370 से हो रहा है। इसके अलावा अजय देवगन की फिल्म शैतान भी सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

# अंग्रेजों को 4—1 से रौंदकर गदगद हुए कप्तान रोहित शर्मा

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने धर्मशाला में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से रौंदा। दूसरी इनिंग में इंग्लिश बल्लेबाज आर अश्विन की घूमती गेंदों पर जमकर नाचे। हाल यह रहा कि इंग्लैंड की पूरी टीम सिर्फ 195 रन बनाकर ढेर हो गई। आर अश्विन ने पांचवें टेस्ट में 9 विकेट झटके। मेहमान टीम को 4–1 से रौंदने के बाद कप्तान रोहित शर्मा टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश नजर आए।

जीत के बाद क्या बोले रोहित?

इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट में पटखनी देने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, "जब आप इस तरह से टेस्ट मैच जीतते हैं, तो सभी चीजों का ठीक होना जरूरी होता है। इन खिलाड़ियों के पास बेशक अनुभव कम हो, पर इन्होंने काफी क्रिकेट खेली है और मैंने यहां पर खड़े होकर देखा कि इन सभी ने दबाव में लाजवाब प्रदर्शन किया। जीत का क्रेडिट पूरी टीम को जाता है और यह देखकर काफी अच्छा लग रहा है।"

भारतीय कप्तान ने आगे कहा, "आप





जब इस तरह की सीरीज जीतते हैं, तो हम शतकों की बात करते हैं, पर टेस्ट में 20 विकेट लेना काफी महत्वपूर्ण होता है। जिस तरह से गेंदबाजों ने जिम्मेदारी ली उसे देखकर अच्छा लगा। कुलदीप से हमें बात किए हुए काफी समय हो गया है। उनके पास काफी काबिलियत है।"

**कप्तान रोहित ने की कुलदीप की तारीफ**

रोहित ने कुलदीप यादव की तारीफ करते हुए आगे कहा, "पहली पारी में जब चीजें हमारे पक्ष में नहीं जा रही थी, तो उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। इंजरी से वापस लौटने के बाद एनसीए में कुलदीप ने काफी मेहनत की और वह अपना पूरा दमखम लगा रहे हैं। कुलदीप जिस तरह से बैटिंग कर रहे हैं, वो देखकर सबसे ज्यादा अच्छा लगा।"

**यशस्वी को लेकर क्या बोले भारतीय कप्तान?**

हिटमैन ने सीरीज में रनों का अंबार लगाने वाले यशस्वी जायसवाल की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, "यशस्वी जायसवाल को अभी बहुत लंबा जाना है। जब किसी खिलाड़ी के पास ऐसा टैलेंट होता है कि वह पहली ही गेंद से गेंदबाज पर दबाव बना सकता है, तो उसको आगे चलकर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वह एक मजबूत लड़का है और उसे चैलेंज पसंद है। जाहिर तौर पर उनके लिए यह सीरीज लाजवाब रही और उनको बड़ी पारी खेलना पसंद है।"

## 'पागलपन का कोई नया तरीका...' वीरेंद्र सहवाग ने बैजबॉल क्रिकेट का उड़ाया मजाका



नई दिल्ली। भारत ने इंग्लैंड को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 4–1 से मात दी। भारत के सीरीज जीतने के बाद पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बैजबॉल क्रिकेट का मजाक उड़ाया। सहवाग ने कहा कि अगर इंग्लैंड को जीत का स्वाद चखाना है तो उन्हें पागलपन का कोई नया तरीका अपनाना होगा।

धर्मशाला में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने पारी और 64 रन से जीत दर्ज की। अश्विन ने पांच विकेट चटकाए। कुलदीप और जसप्रीत बुमराह को 2–2 विकेट मिले। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने 84 रन की पारी खेली।

**सहवाग ने उड़ाया मजाक**

भारत के सीरीज जीतने के बाद वीरेंद्र सहवाग ने बैजबॉल क्रिकेट का मजाक उड़ाया। सहवाग ने कहा कि विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच के बाद बेन स्टोक्स की टीम पूरी तरह से भटक गई। सीरीज से पहले इंग्लैंड का सारा फोकस बैजबॉल क्रिकेट पर था, लेकिन भारत ने मेहमान टीम की यह रणनीति पर पानी फेर दिया।

सहवाग ने एक्स हैंडल पर लिखा, बैजबॉल, बत्ती गुल। पागलपन के लिए कोई तरीका होना चाहिए। इंग्लैंड के पास मुकाबला करने लायक कोई नया उपाय नहीं था और वह खेल से भटक गए थे, खासकर दूसरे टेस्ट मैच के बाद।

**बेन स्टोक्स को भी लिया लपेटे में**

इतना ही नहीं सहवाग ने यह भी कहा कि स्टोक्स की खराब फॉर्म से मेहमान टीम को कोई मदद नहीं मिली।

## टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों पर अब होगी पैसों की बारिश

नई दिल्ली। भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीतकर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 4–1 जीत दर्ज की। भारतीय टीम की जीत के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बड़ी घोषणा की। इउउक सचिव जय शाह ने 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की घोषणा की, जो मौजूदा मैच फीस के ऊपर अतिरिक्त इंसेंटिव दिया जाएगा।भारतीय टेस्ट खिलाड़ियों के लिए शनिवार को बड़ी खुशखबरी आई। भारत के इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद बीसीसीआई ने 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की घोषणा की है। इस योजना की शुरुआत 2022–23 सीजन से होगी और खिलाड़ियों को उनकी मैच फीस 15 लाख रुपये के अलावा अतिरिक्त इंसेंटिव दिया जाएगा।

**बीसीसीआई ने की बड़ी घोषणा**

बीसीसीआई ने उन खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक मैच के लिए मौजूदा 15 लाख रुपये की फीस बढ़ाकर 45 लाख रुपये की जो एक सत्र में सात या इससे अधिक टेस्ट मैच में हिस्सा लेते हैं।

# सीएम के पुतले को लेकर कांग्रेस व पुलिस में हुई छीना-झपटी

● दहन के लिए लाए गए पुतले पर सीएम का नाम लिखने पर एतराज ● अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर जताया रोष




कोटद्वार के झंडा चौक में प्रदेश सरकार का पुतला लेकर पहुंचे कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होने से नाराज कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान जैसे ही कांग्रेसी पुतले को लेकर झंडाचौक में पहुंचे। पुलिस पुतले पर मुख्यमंत्री का नाम लिखे होने पर एतराज जताने लगी। जिसके बाद कांग्रेस व पुलिस के बीच पुतले को लेकर छीना-झपटी भी हुई। शनिवार को महानगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण रावत, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत व पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता झंडाचौक में पहुंचे और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन करने लगे। इसी दौरान वहां खड़ी पुलिस पुतले को छीनने के लिए आ गई। काफी देर तक पुलिस व कांग्रेसियों के बीच पुतले को लेकर छीना-झपटी होती रही। लेकिन, अंत में कांग्रेस ने पुलिस ने पुतला छीनकर उसका दहन कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार अंकिता के आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। मृतका के स्वजनों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे लोगों की गिरफ्तारी की जा रही है। इस मौके पर महावीर सिंह रावत, विजय नारायण सिंह, बृजपाल सिंह, हेमचंद्र पंवार, सुदर्शन रावत, राकेश शर्मा, सुनील सेमवाल, सुनीता रावत, सुनीता बिष्ट, हिमांशू बहुखंडी, उपेंद्र सिंह, चंद्रमोहन रावत, प्रकाश लखेड़ा, दान सिंह रावत, महेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, ताजबर सिंह, नंदन सिंह मौजूद रहे।

## गढ़वाल लोकसभा चुनाव को लेकर प्रबंधन समिति गठित

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल लोकसभा चुनाव को लेकर प्रबंधन समिति गठन किया गया है। गढ़वाल लोकसभा चुनाव प्रभारी पुष्कर सिंह काला ने प्रदेश नेतृत्व की सहमति के अनुसार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले सक्रिय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को विभाग बांटे हैं। समिति में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति में लोकसभा सह प्रभारी हेमंत द्विवेदी, लोकसभा संयोजक विजय कप्रवाण, लोकसभा विस्तारक अजय टांक, चुनाव कार्यालय प्रभारी गजपाल बर्थवाल और संजय कुमार गुप्ता, कॉल सेंटर जगत किशोर, गुरुपाल बत्रा, विनीत पोस्ती, वाहन व्यवस्था गिरीश पैन्यूली, विजय चमोली, प्रचार सामग्री अनूप बहुगुणा, माधव सेमवाल, न्यायिक प्रक्रिया संबंधी व चुनाव आयोग से समन्वय नंदन सिंह बिष्ट, अनूप पांथरी, अनुसूया प्रसाद उनियाल, मतगणना शशि चंद्र रतूड़ी, यशपाल बेनाम, आंकड़े अशोक खत्री, धन सिंह नेगी, आदि को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## जीवन में बुराई को त्याग, सच्चाई के पथ पर बढ़े आगे



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की नजीबाबाद रोड मिश्रा कालोनी स्थित स्थानीय शाखा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आम जन से अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का आरंभ निवर्तमान मेयर हेमलता नेगी, पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, भारत इलेक्ट्रानिक्स लि. की राजभाषा अधिकारी माधुरी रावत और केंद्र संचालिका बहन बीके ज्योति ने किया।

निवर्तमान मेयर हेमलता नेगी ने विवि की ओर से अध्यात्म के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। पूर्व मंत्री नेगी ने भी लोगों से अच्छाइयों को अपनाने का आह्वान किया। केंद्र संचालिका बहन बीके ज्योति ने उपवास का महत्व बताया। कार्यक्रम में दूर दराज से आए लगभग 350 बीके भाई बहनों ने प्रतिभाग किया।

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया वाटर प्लांट का भ्रमण



वाटर प्लांट की जानकारी लेते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जल संस्था के वाटर प्लांट का भ्रमण कर शहर को सप्लाई हो रहे पानी की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जल संस्थान के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया। शनिवार को समाजशास्त्र के छात्र-छात्राओं ने जल संस्थान के वाटर प्लांट का भ्रमण किया। समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डा.संदीप कुमार के नेतृत्व में छात्र जल संस्थान के वाटर प्लांट में पहुंचे। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अभिषेक वर्मा ने छात्रों को भौतिक रूप से वाटर प्लांट दिखाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से वाटर प्लांट कार्य करता है। उन्होंने जलस्त्रोतों की भी जानकारी दी। बताया कि किस तरह स्त्रोत से जल टैंक तक पहुंचता है व उसके बाद विभिन्न स्तरों पर बूस्टर प्लांट से शुद्धिकरण के उपरांत जल को पीने योग्य बनाया जाता है। जल के शुद्ध होने के बाद ही उसे शहर में वितरित किया जाता है। कनिष्ठ अभियंता डीएस गुसांई ने वाटर प्लांट के विभिन्न चैंबरों का निरीक्षण करवाया।

# प्रारंभिक व्यवसाय योजना तैयार करने की दी जानकारी




आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः राजकीय महाविद्यालय कंवघाटी में उद्यमिता विकास योजना के तहत 12 दिवसीय ईडीपी कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें व्यवसाय योजना तैयार करने की जानकारी दी गई।

12 दिवसीय ईडीपी के पंचम दिवस के प्रथम सत्र में उद्यमिता विकास योजना के नोडल अधिकारी डॉ विनय देवलाल ने प्रारंभिक व्यवसाय योजना तैयार करने की बुनियादी जानकारियां दी। बिजनेस प्लान बनाने से पूर्व बाजार विश्लेषण ,विपणन की जानकारियां, वित्तीय अनुमानआदि के विषय में विस्तार से बताया गया। डॉ विनय देवलाल ने कहा कि सही व्यवसाय योजना तैयार करने के फायदे उसकी लागत को बहुत हद तक प्रभावित करते हैं । व्यवसाय योजना तैयार करने की रणनीति व्यक्तिगत रूप से तैयार करना एक उद्यम हेतु अति आवश्यक है। उन्होंने सुक्ष्म व दीर्घ प्रारूप के माध्यम सेव्यवसायिक योजना बनाने की जानकारियां दीं।

द्वितीय सत्र में नाइनटेन टॉप दस डेंटल एंड ऑर्थोडान्टिक प्रोडक्ट्स मैन्युफैक्चर्स के सी ईओ अभिजीत सिंह ने प्रतिभागियों को अपना व्यवसाय प्रारंभ करने से पूर्व किस व्यवसाय योजना तैयार की जाए के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने व्यवसाय के अवसरों की पहचान कर ऐसे लक्ष्य निर्धारित करने के टिप्स दिए जो व्यवसाय का सही मार्गदर्शन करेंगे। अभिजीत सिंह ने प्रतिभागियों को किसी भी व्यवसाय में वैल्यू एडिट कर अपने लिए नवीन अवसरों को तैयार करने संबंधी जानकारियां विस्तार पूर्वक दी। तृतीय सत्र में प्रतिभागियों द्वारा उनकी व्यावसायिक योजना का प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया तथा उस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान डॉ0 विनय देवलाल डॉ0 उषा सिंह, मनीषा सरवालिया आदि उपस्थित रहे।

## राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा 17 अप्रैल को

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः रामलीला मैदान में बन रहे श्री राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। रामनवमी पर्व पर 17 अप्रैल को श्रीराम मंदिर में राम दरबार की मूर्तियों का विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की जाएगी।

रामलीला समिति के अध्यक्ष उमाचरण बड़थ्वाल ने बताया कि इन दिनों श्रीराम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। 8 अप्रैल को आचार्य वर्ग द्वारा भद्र निर्माण किया जाएगा। 9 अप्रैल को प्रात भद्र की पूजा, मूर्ति का जलाधिवास, औषधिवास के बाद अनुष्ठान, दैनिक पचांग पूजा और आरती होगी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओ से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्टोनिक निविदा प्रणाली के अर्न्तगत भंण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 97245017A | आरडीएसओ डीआरजी.नं. कंट्रोल 9404, एस-2 एएलटी 7 के अनुसार पूर्ण कास्ट स्टील बोगी एमेंट नंबर के साथ विशेष विवरण संख्या CONTR-LCCF 20 (C) 96 REV 2 की पुष्टि। 1 फरवरी 2010, बीएलसी वैगनों के लिए सितंबर 2016 का संशोधन क्रमांक 2 | 05 Nos. | 26-MAR-24 |
| **बयाना राशि :** 50740/- | | **अनुमानित मूल्य रु.:** 2537000/- | | |

**नोटः-** पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओ को ई.टेडर मे भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नही किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

**पत्र. सं.:- 50-S/LP/2024 दिनांक: 07.03.2024** 731/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए की चर्चा




आयोजित बैठक में जानकारी देते विधायक दिलीप सिंह रावत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः रविवार को शहर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने चर्चा की। इस दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्यकर्ताओ व पदधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, विधायक दिलीप सिंह रावत, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को कार्यक्रम की जानकारी दी।

इस संबंध में संगठन की कोर कमेटी की बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के स्वागत कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए प्रत्येक मंडल अध्यक्ष, सभी मोर्चों के पदाधिकारी व बूथ अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी। तय किया गया कि मुख्यमंत्री के आगमन पर झंडाचौक में वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात महाराजा वैडिंग प्वाइंट से लेकर आयोजन स्थल तक पहुंचने तक मुख्यमंत्री पर पुष्प वर्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री का व्यापारी वर्ग, पूर्व सैनिक संगठन, अल्पसंख्यक वर्ग सहित सभी आमजन द्वारा स्वागत किया जायेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शांतनु रावत, सुरेंद्र सिंह, विनोद रावत, गजेंद्र सिंह रावत, अनीता आर्य और नीरूबाला खंतवाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उक्रांद ने उठाई मांग, केवल झूठी घोषणाएं न करें सीएम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः उत्तराखंड क्रांति दल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कोटद्वार के लिए केवल उन्हीं योजनाओं की घोषणा करने की मांग की है जो धरातल पर भी नजर आए। कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे से जनता को कई उम्मीद हैं। इसलिए मुख्यमंत्री को हवाई घोषणाएं करने के बजाए उन्हीं योजनाओं की घोषणा करनी चाहिए जिनके लिए धन उपलब्ध हो। इस दौरान उक्रांद ने रविवार को सनातनी जुलूस भी निकालने का निर्णय लिया है। कहा कि सरकार की शुद्धि-बुद्धि के लिए कण्वाश्रम के शिवालय में पूजा-पाठ व सुंदरकांड किया जाएगा। शनिवार को शिब्बूनगर स्थित कार्यालय में उक्रांद की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि दस मार्च को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कोटद्वार पहुंच रहे हैं। ऐसे में जनता को उनसे कई उम्मीदें हैं। जनता की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री केवल उन्हीं योजनाओं की घोषणा करें जो धरातल पर नजर भी आएंगी। उक्रांद नेता डा.शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि मुख्यमंत्री को भू–कानू व मूलनिवास लागू करने के लिए भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस दौरान सरकार से कण्वाश्रम के बेहतर विकास, लालाढांग–चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण, मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डे का निर्माण, ट्रेंचिंग ग्राउंड को आबादी से बाहर शिफ्ट करने, मेडिकल कालेज निर्माण करवाने व आमजन को जंगली जानवरों के आतंक से निजात की मांग उठाई गई। कहा कि उत्तराखंड में बाहरी राज्यों के लोगों को आईडी जांच के बाद ही प्रवेश देने की योजना भी बनाई जानी चाहिए। निर्णय लिया गया कि दस मार्च को उक्रांद आमजन के साथ मिलकर सनातनी जुलसू निकालेगा। यह जुलूस कोटद्वार से कण्वाश्रम शिलावय तक निकलेगा। जिसके बाद मंदिर में सरकार की सद्धबुद्धि के लिए हवान व सुंदरकांड होगा। इस मौके पर जगदीप सिंह रावत, सत्यप्रकाश भारद्वाज, हरीश द्विवेदी, पुष्कर सिंह रावत, राजेंद्र प्रसाद पंत आदि मौजूद रहे।

# वनसुरक्षा के लिए निकाली जागरूकता रैली




चैलूसैंण बाजार में जागरूकता रैली निकालते फाउंडेशन के सदस्य व विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः आमजन को वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए द हंस फाउंडेशन व छात्र-छात्राओं की ओर से चैलूसैंण में जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों को वनों के महत्व के बारे में भी बताया गया।

द हंस फाउंडेशन ने वन क्षेत्रों पर ग्रामीणों की निर्भरता को कम करने और जंगल की आग से खतरे को कम करने के लिए मिशन शुरू किया है। शनिवार को फाउंडेशन ने आदर्श बाल भारती माध्यमिक स्कूल चैलूसैंण व सरस्वती विद्या मंदिर चैलूसैंण के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाली। बाजार क्षेत्र में पहुंची रैली के माध्यम से आमजन को वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कहा कि वनों की सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कहीं भी आग की घटना होने पर तुरंत इसकी जानकारी वन विभाग को दें। इस मौके पर फारेस्ट फायर परियोजना के ब्लाक समन्वयक गिरीश खरोला, नीलम रावत, शोभा नैथानी आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने एसएसपी कार्यालय का किया घेराव



पौड़ी में एसएसपी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः अंकिता हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा देने और आशुतोष नेगी की रिहाई की मांग को लेकर महिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस ने एसएसपी कार्यालय का घेराव किया। और पौड़ी देवप्रयाग पर जाम भी लगाया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली।

शनिवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसएसपी कार्यालय परिसर का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन को देखते हुए यहां पर पुलिस और सशस्त्र सीमा पुलिस की भी तैनाती कर दी गई। प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि अंकिता के परिजनों को न्याय दिलाने में देरी की जा रही है। अंकिता के परिजन न्याय के लिए धरना देने को मजबूर है। सरकार द्वारा अंकिता के परिजनों से किए गए वादों पर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। एससीएसटी एक्ट में आशुतोष नेगी को भी जेल में डाल दिया गया है। आरोप लगाया कि अंकिता के परिजनों की मदद करने वालों के खिलाफ झूठी कार्रवाई की जा रही है।



# दौड़ में आरती ,लवली और नेहा रही अव्वल



पौड़ी में प्रतिभागियों को सम्मानित करते विधायक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कण्डोलिया थीम पार्क से विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने हरी झंडी दिखाकर इस 500 मीटर फिटनेस दौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ पार्क से डीएम आवास तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 25 युवतियों ने हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को विधायक ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर विधायक ने लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई।

नारी शक्ति फिटनेस दौड़ में आरती ग्राम बैंज्वाड़ी ने पहला, लवली रावत निवासी पौड़ी ने दूसरा और नेहा नेगी ग्राम–कोलाकण्डी ने तीसरा स्थान हासिल किया। दौड़ में होमगार्ड से सिमरन और अंजली ने भी प्रेरणा स्वरूप हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को विधायक पौड़ी ने प्रमाण पत्र सहित टी–शर्ट, कॉफी मग, रिस्ट बैंड, कैप से आदि पुरस्कार दिए गए। फिटनेस दौड़ में बीजीआर कैंपस के एनएसएस के स्वयंसेवी, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस पौड़ी की छात्राओं सहित विभिन्न युवा मंडलों ने हिस्सा लिया।

## पीसीएस की तैयारी कर रहे युवाओं को जल्द मिले लाभ

देहरादून। भाजपा नेता रवींद्र जुगरान ने मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से भेंट कर पीसीएस मुख्य परीक्षा के पाठ्यक्रम में संशोधन कर इसे तत्काल लागू करने की मांग की है जिससे परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को इसका लाभ मिल सके। जुगरान ने मुख्यमंत्री आवास में सीएम धामी से भेंट की और कहा कि कार्मिक विभाग की तरफ से परीक्षा में बदलाव के लिए जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसे प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए, जिससे निकट भविष्य में पीसीएस की होने वाली भर्ती विज्ञप्ति में इसे शामिल किया जा सके। जुगरान ने बताया कि मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही प्रस्ताव के अनुमोदन का आश्वासन दिया है। विदित है कि जुगरान ने पिछले साल मई माह में सीएम धामी से मुलाकात कर इस बाबत एक प्रत्यावेदन दिया था। सीएम ने इस पर सैंद्धातिक सहमति जताते हुए सचिव कार्मिक को निर्देश दिए थे। इसके बाद राज्य लोक सेवा आयोग ने मुख्य परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है, जिस पर अब सीएम को फैसला लेना है।

# सीएम धामी ने किया सिटी फॉरेस्ट देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सिटी फॉरेस्ट (निकट सहस्त्रधारा हैलीपैड), देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण की लगभग 226 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 186 करोड़ के शिलान्यास एवं 40 करोड़ के लोकार्पण शामिल हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं में मुख्य रुप से सिटी फॉरेस्ट परियोजना, हरबर्टपुर बस स्टैण्ड, आढत बाजार पुनर्विकास परियोजना, मसूरी मॉल रोड का फसाड एवं सौंदर्गीकरण का कार्य, इको पार्क मसूरी, मालदेवता क्षेत्र में वॉटरफॉल (जल प्रपात) का सौंदर्गीकरण का कार्य, गौरा देवी पार्क एवं कृत्रिम झील का सौंदर्गीकरण कार्य, राजकीय इण्टर कॉलेज मियांवाला के समीप जौहड़ की भूमि पर वॉटर पार्क लैण्डस्केपिंग का कार्य, मियांवाला पंचायत घर के पास गन्ना सेन्टर के समीप भूमि पर पार्क निर्माण/लैण्डस्केपिंग / सौंदर्गीकरण कार्य, एवं आई०एस०बी०टी० परिसर में लैण्डस्केपिंग / आरबोरीकल्चर का कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की लगभग 226 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण, यहां के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों पर शीघ्र कार्य किया जायेगा।

# विपना और अनुजा ने जीती मैराथन



नई टिहरी। रन फार फिटनेस कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में शनिवार को नई टिहरी में महिला मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ के विजेता प्रतियोगियों को बतौर मुख्य अतिथि जिला जज योगेश गुप्ता ने पुरस्कार वितरिण में हौसलाफजाई करते हुए कहा कि महिलाओं को जीवन की दौड़ में भी हमेशा आगे रहने की जरूरत है। महिलाओं के बढ़ते कदम समाज को बेहतर दिशा देते हैं।

शनिवार को नेहरू युवा केंद्र द्वारा महिला मैराथन करवाने के उपरांत विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कारों का वितरण हनुमान चौक पर जिला जज योगेश गुप्ता के हाथों करवाया गया। दौड़ में जूनियर वर्ग में राजकीय आदर्श विद्यालय की विपना प्रथम, कविता द्वितीय और दुर्गा तीसरे स्थान पर रहीं।

सीनियर वर्ग में अनुजा उनियाल प्रथम, सपना द्वितीय वह प्रीति ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर संजय मिश्रा ने सभी को मौके पर ही नेहरू युवा केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी। सभी विजेता प्रतियोगियों को जिला जज योगेश कुमार गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि सीनीयर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी व सीनीयर एडवोकेट राजपाल मियां ने पुरस्कारों का वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कोठारी ने किया। जबकि इस मौके पर संजय मिश्रा, मणिका, आंचल, शिवानी आदि मौजूद रहे।

## ओणेश्वर मेले में गीतों और भजनों पर नाचे लोग

नई टिहरी। ओणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में जौनसार कला मंच की अध्यक्ष ममता पंवार व उनकी टीम के गीतों और भजनों पर लोग जमकर नाचे। जूनियर हाई स्कूल खेत के द्वारा कोटा की कुटैती, दैणी हो जा भवानी की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा।

जीआईसी थापला, राइंका थापला, जूनियर हाई स्कूल बानाली, किड्स फ्यूचर एकेडमी आदि ने भी रंगारंग प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी। ओणेश्वर शिवरात्रि मेले में शनिवार को लोगों ने जमकर खरीदारी की। मेले में प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी मुख्य अतिथि रहे। मेला समिति ने उन्हें शाल व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक नेगी ने कहा कि यह मेला प्रतापनगर की संस्कृति का द्योतक है। मेले में शिरकत के दौरान विधायक नेगी ने ओणेश्वर महोदव के दर्शन कर पूजा–अर्चना की।

# श्रीनगर में मूल निवास स्वाभिमान महारैली आज




श्रीनगर गढ़वाल। मूल निवास भू–कानून समन्वय संघर्ष समिति ने श्रीनगर में होने जा रही मूल निवास स्वाभिमान महारैली की तैयारी पूरी कर दी हैं। श्रीनगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मूल निवास भू–कानून समन्वय संघर्ष समिति संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि रविवार को सुबह 10 बजे रामलीला मैदान में जनसभा आयोजित की जायेगी। इसके बाद बाजार के मुख्य मार्गों पर से गोला बाजार तक रैली निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई हरेक मूल निवासी की है। आज हमारी नौकरियां हमसे छीनी जा रही हैं, जमीन और सभी तरह के आर्थिक संसाधनों पर बाहर के लोगों का कब्जा होना चिंताजनक विषय है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल विवि के केंद्रीय विवि बनने से हमारे मूल निवासी छात्रों को दाखिला मिलना मुश्किल हो गया है। कहा कि हमारी यह भी मांग है कि यहां के छात्रों को एडमिशन के लिए वैटेज मिलना चाहिए और नियुक्तियों के लिए मूल निवासियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था हो। डिमरी ने कहा कि उत्तराखंड में हर तरह के सरकारी और प्राइवेट संस्थानों में नौकरी पर पहला अधिकार मूल निवासी का ही होना चाहिए। दलगत राजनीति से हटकर हर मूल निवासी को अपने अधिकार के लिए लड़ना होगा। अपने और अपनी आने वाली पीढ़ी के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए काम करना होगा। वहीं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पूनम तिवाड़ी ने कहा कि मूल निवास की व्यवस्था होती तो अंकिता की हत्या नहीं होती। आज प्रदेश में आपराधिक किस्म के लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इससे उत्तराखंड की शांत वादियों में हत्या, लूट और बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं जो हमारे लिए चिंता का विषय बन गया है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत बीएलओ ने घर–घर जाकर मतदाताओं से किया संवाद

चमोली। स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को चमोली में मतदाता संवाद अभियान संचालित किया गया। इस दौरान जनपद में बीएलओ ने घर–घर जाकर मतदाताओं से संवाद कर शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया। इसके साथ ही जनपद में जागरूकता रैली, मतदाता शपथ, जागरूकता वाहन और दिव्यांग रथ के माध्यम से मतदाताओं को निर्वाचन की जानकारी देने के साथ अपना अमूल्य मत का प्रयोग करने की अपील की गई।

जनपद में बीएलओ द्वारा गोपेश्वर, गौचर, जोशीमठ, गबनी, सुनाऊ जुनेर, मेलखेत, ब्राहमण थाला सहित अपने बूथों पर पंजीकृत मतदाताओं के घर–घर जाकर संवाद किया और चुनाव में हर एक वोट का महत्व बताया गया।

दिव्यांग रथ के माध्यम से चमोली, भीमतला, छिनका, बिरही, मायापुर, पीपलकोटी, गरुड़ गंगा में जागरुकता अभियान संचालित कर सक्षम एप की जानकारी दी गई।




पीजी कॉलेज गोपेश्वर की एनएसएस इकाई की स्वयं सेवियो की ओर से मंडल क्षेत्र में जागरुकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जूनियर हाईस्कूल रोपा के बच्चों ने चेहरे पर तिरंगा बनाकर ग्रामीणों से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर प्रबोध डिमरी, संजीव बुटोला, अनूप खंडूरी, मयंक राणा आदि मौजूद थे।

## घंडियालका गांव में किसानों को दी जानकारी

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान के निदेशक प्रो. सुनिल नौटियाल के निर्देशन में घंडियालका गांव में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जलवायु परिवर्तन से कृषि एवं हिमालयाई क्षेत्रों पर प्रभाव तथा आधुनिक कृषि से कैसे इसका निराकरण किया जाए पर व्यापक चर्चा की गई। संस्थान के वैज्ञानिक प्रभारी डा. के चंद्रशेखर द्वारा संस्थान का संक्षिप्त विवरण दिया गया। साथ ही संस्थान के कार्यशाला एवं परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। संचालन संस्थान के वरिष्ठ शोधार्थी सुधांशु चमोली द्वारा किया गया। संस्थान की वैज्ञानिक डा. कुसुम पांडेय द्वारा प्रतिभागियों को आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में बताया गया। पर्यावरण विशेषज्ञ ताजबर बिष्ट द्वारा काश्तकारों को मशरूम ट्रेनिंग दी गई साथ में बदलते पर्यावरण के अनुकूलन कृषि तकनीक के बारे में अवगत करवाया गया। जड़ी बूटी विशेषज्ञ डॉ. यतीश मोहन बहुगुणा द्वारा क्षेत्र में जड़ी बूटी उत्पादन पर जोर दिया तथा जड़ी बूटी उत्पादन को कैसे आजीविका से जोड़े उस पर विचार साझा किए।

# पांच प्रमुख गारंटियों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

देहरादून। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए बेरोजगारी, पेपर लीक और अतिरिक्त रोजगार सृजन को अपना प्रमुख मुद्दा घोषित किया है।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने शनिवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों के लिए देश के सामने पांच प्रमुख गारंटियां प्रस्तुत की हैं। इसमें विभिन्न विभागों में खाली पड़े तीस लाख पदों को भरते हुए बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा सरकार विभिन्न विभागों में अतिरिक्त रोजगार का सृजन करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर स्नातक या डिप्लोमाधारी को आजीविका की गारंटी प्रदान की जाएगी। साथ ही पेपर लीक रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की जाएगी। करन माहरा ने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्था में करोड़ों लोग गिग वर्कर के रूप में अपनी आजीविका कमा रहे हैं, लेकिन इनके लिए कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। कांग्रेस ने इस वर्ग के कल्याण को भी अपने प्रमुख एजेंडे में शामिल किया है। इसके साथ ही रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के पांच करोड़ रुपए का कॉरप्स फंड बनाया जाएगा। माहरा ने भाजपा की गारंटियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसमें ओपीएस, एमएसपी, कालाधान वापसी और रोजगार सृजन का कोई जिक्रनहीं है। इस मौके पर उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी, महासचिव नवीन जोशी, महेंद्र सिंह नेगी, मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट शामिल थे।

## 10 छात्रों को 87 हजार की छात्रवृति मिली

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में उत्तराखंड शासन की सत्र 2023–24 से संचालित मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 87 हजार की धनराशि डीबीटी के माध्यम से छात्रों को हस्तांतरित की गई। महाविद्यालय के कला संकाय का तृतीय सेमेस्टर से प्रथम वंदना रावत, द्वितीय शिवानी व तृतीय स्थान गीतिका चौहान एवं विज्ञान संकाय तृतीय सेमेस्टर से सपना व तृतीय वर्षम से प्रथम गौरव, द्वितीय अनामिका व तृतीय ज्योति ने प्राप्त कर प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है। इसी प्रकार एमए अर्थशास्त्र से नेहा रावत, एमए राजनीति शास्त्र से काजल तथा एमए हिंदी से अनूप कुमार भट्ट ने छात्रवृत्ति प्राप्त की। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत महाविद्यालय से डीबीटी के माध्यम से 10 छात्र–छात्राओं को लाभ प्रदान किया गया।

# पूर्व सैनिक को बेच दी नगर निगम की जमीन

देहरादून। एक पूर्व सैनिक को कुछ लोगों ने नगर निगम की जमीन बेचकर 40 लाख रुपये हड़प लिए। करीब 10 साल से चल रहे मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि बालकराम भट्ट निवासी आमवाला तरला रायपुर ने तहरीर दी कि वो गढ़वाल राइफल्स से रिटायर हैं। 2014 में उन्होंने अपने रिश्तेदार देवी प्रसाद के साथ आशु शर्मा से ज्योति पंवार के माध्यम से बड़यासू में जमीन खरीदने की बात तय की थी।

इसमें रजिस्ट्री यह कहकर नहीं कराई गई कि जमीन का पैसा 32.50 लाख हो रहा है। उनसे कहा गया कि रकम देने के बाद ही रजिस्ट्री होगी। इसके बाद उन्होंने रकम दे दी, लेकिन आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया।उन्होंने देहरादून आकर देखा तो संबंधित जमीन पर डिमार्केशन की हुई मिली। पूछताछ में पता चला जमीन किसी दूसरे व्यक्ति को बेच दी गई है। इसके बाद उन्हें दूसरी जमीन देने का वादा किया गया। दो वर्ष चक्कर काटने के बाद उन्हें डांडा लखौंड में जमीन दिखाई गई। इसपर जैसे ही उन्होंने डिमार्केशन की तो पुलिस ने काम रुकवा दिया। पुलिस की ओर से बताया किया कि जमीन सरकारी है। आरोप लगाया कि उन्हें नगर निगम की जमीन दे दी गई थी। इसके बाद आरोपी ने उन्हें दिए गए कुल 40 लाख रुपये चैक के माध्यम से लौटा दी। लेकिन दोनों चैक बाउंस हो गए। पुलिस ने मामले में नीरज शर्मा, आशू शर्मा, ज्योति पंवार निवासी डांडा लखौंड के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मधुसूदन बने नेपाली भाषा समिति अध्यक्ष

देहरादून। उत्तराखंड राज्य नेपाली भाषा समिति के अध्यक्ष पद पर मधुसूदन शर्मा को निर्विरोध चुना गया है।

समिति की वार्षिक बैठक में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर मधुसूदन शर्मा के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र मल्ल, उपाध्यक्ष पूजा सुब्बा, सरोज गुरुंग, महामंत्री श्याम राना, सचिव अनिला घले, विनिता खत्री, कोषाध्यक्ष कैप्टन ओपी गुरुंग, मीडिया प्रभारी प्रभा शाह, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ पुष्पा क्षेत्री, शिक्षा प्रकोष्ठ सचिव कृष्ण प्रसाद पंथी, सहसचिव महेश भूषाल को चुना गया। मुख्य सलाहकार बालकृष्ण बराल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर रकम हड़पी

देहरादून। दून निवासी युवती से साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर हजारों रुपये की ठगी कर ली। कोतवाली पुलिस के अनुसार, नेहा गुप्ता निवासी कांवली रोड ने तहरीर दी कि दो मार्च को उन्हें एक कंपनी के नाम बने व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया था। ग्रुप के जरिए कुछ लोगों ने उन्हें पार्ट टाइम जॉब का ऑफर की। हामी भरने पर उन्हें कुछ टास्क दिए गए और इसकी एवज में उन्हें कुछ रकम दी गई।

कुछ दिनों बाद उन्हें क्रिप्टो करेंसी में निवेश के लिए कहा गया। बताया गया कि इससे उन्हें काफी लाभ होगा। युवती ने बताया कि उन्होंने अपनी रकम क्रिप्टो करेंसी में लगा दी।

# जिले के 9 में से 6 ब्लाक में जल संयोजन के कार्य हुए पूर्ण

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक लेते हुए संचालित कायी की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित अवशेष कायी को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए। जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी है, उनकी देनदारियों का तत्काल भुगतान किया जाए। हर घर जल ग्रामों के शेष सत्यापन कार्यों को रोस्टर निर्धारित करते हुए शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही जल स्रोत सत्यापन कार्यों की जियो टैगिंग की भी प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी डिवीजनों के अन्तर्गत संचालित कार्यों की गहनता से



समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में 76502 घरेलू जल संयोजन के सापेक्ष अभी तक 76410 घरेलू जल संयोजन किए जा चुके है और 99.86 प्रतिशत एफएचटीसी का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# राज्यपाल ने किया द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट (आईएपी) के 61वें वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को हिमालयन कल्चरल सेंटर नींबूवाला, देहरादून में द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट (आईएपी) के 61वें वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश भर से दो हजार से अधिक फिजियोथेरेपिस्ट एवं आठ देशों के डेलीगेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सराहनीय सेवाओं के लिए फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर को सम्मानित किया साथ ही अधिवेशन की स्मारिका का विमोचन किया।

फेलोशिप अवार्ड्स से डॉ. उज्ज्वल, डॉ. तुशाल पालेकर, डॉ. संतोष, डॉ. शगुन अग्रवाल, डॉ. गणेश एवं सीईसी अवार्ड्स से डॉ. नेहल शाह और डिस्टिंग्विश अवार्ड से स्व. डॉ. राजीव (उनकी धर्म पत्नी रश्मी चतुर्वेदी द्वारा प्राप्त किया गया), डॉ. श्रेया राजू, डॉ. राजकुमार मीणा, डॉ. पारुल अग्रवाल एवं इंडियन मेडिको अवार्ड्स से डॉ. संदीप डी. सैनी एवं मोमेंटो ऑफ अवार्ड्स से डॉ. रीना कुमारी, डॉ. वैशाली, डॉ. एस.के. त्यागी, डॉ. भरत को सम्मानित किया गया। अधिवेशन में राज्यपाल ने देवभूमि उत्तराखण्ड में इस आयोजन करने के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र समाज सेवा का बहुत



बड़ा माध्यम है जो ''नर सेवा–नारायण सेवा'' के समान होता है। उन्होंने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली है कि इस पेशे को अपनाकर जन–जन की सेवा कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज की भाग–दौड़ की जिंदगी में जब इंसान अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंतित नहीं है, ऐसे में लोगों को सही आदतें, उचित मुद्रा, सही व्यायाम और उसके महत्व के बारे में जागरूक और शिक्षित करना बहुत जरूरी है। इस क्षेत्र में फिजियोथेरेपिस्ट का महत्वपूर्ण रोल है। राज्यपाल ने कहा कि फिजियोथेरेपी के पेशे को नवीन तकनीकों और नवाचार के साथ जोड़ा जाना बहुत जरूरी है।

नई तकनीकों से ही हम गुणवता में अधिक सुधार के प्रयास कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में प्रमाणिक शोध एवं अनुसंधान किए जाने की जरूरत है जिससे अधिक से अधिक लोग इस पद्धति से जुड़ें। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपिस्ट अपना आत्म मूल्य पहचाने। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की देखभाल में आपकी भूमिका बहुत ही अहम है। जैसे–जैसे हमारी आबादी की उम्र बढ़ रही है, वृद्धावस्था देखभाल और पुनर्वास सेवाओं की मांग बढ़ रही है। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया अपने साथ बहुत सारी चुनौतियां लेकर आती है, फिजियोथेरेपिस्ट इन चुनौतियों का समाधान बड़े अच्छे से कर सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि आज तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बड़ी आबादी और स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती आवश्यकताओं के साथ स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी बहुत बढ़ रही हैं। लेकिन, इन चुनौतियों के बीच नवाचार करने और सभी के लिए एक स्वस्थ और अधिक समृद्ध भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के अनेकों अवसर भी छिपे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि फिजियोथेरेपिस्ट इन चुनौतियों को अवसर में बदल कर "स्वस्थ भारत विकसित भारत" के निर्माण में अहम भूमिका अदा करेंगे। सम्मेलन में द इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीव झा, महासचिव रुचि वासने, डॉ. यग्न शुक्ला, डॉ. मनीष अरोड़ा, डॉ. वसुधा वर्मा सहित इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट के सदस्यगण उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com